बुलन्दशहर में जिन कृषि और उद्योग सम्बन्धी बिजली कनेक्शनों के लिये बिजली की सप्लाई स्वीकार की है, किन्तु दी नहीं, उनकी संख्या 2679 है ।

(ख) ऐसी सूचना मिली है कि धन की कमी के कारण ही इन कनेक्शनों को बिजली देना सम्भव नहीं हो सका है ।

(ग) 1968-69 के दौरान उतने कनेक्शन देने की सम्भावना है जितनों के लिये धन उपलब्ध होगा ।

HATNUR DAM

5094. SHRI SAYYAD ALI: Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 943 on the 19th February, 1968 and state when Government propose to sanction the amount for Hatnur Dam on Upper Tapti River in the District of Jalgaon, Maharashtra?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): The project is yet to be approved by the Planning Commission. As such, the question of sanctioning any amount therefor does not arise at this stage.

कोयल परियोजना

5059. **श्री मुद्रिका सिंह** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोयल परियोजना पर अन्तिम निर्णय करने में विलम्ब होने के क्या कारण हैं ;

(ख) उसकी मुख्य रूपरेखा क्या है; और

(ग) उस परियोजना का कार्य कब आरम्भ किये जाने की आशा है ?

सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उप-मंत्री (**श्री सिद्धेश्वर प्रसाद**) : (क) बिहार को उत्तरी कोयल नदी पर एक स्कीम की परियोजना रिपोर्ट राज्य सरकार द्वारा 1964 में तैयार की गई थी । किन्तु इसमें संशोधन की आवश्यकता थी । राज्य सरकार ने संशोधित रिपोर्ट अभी तक नहीं भेजी है ।

(ख) 1964 में प्रस्तावित परियोजना के अधीन उत्तरी कोयल नदी पर कूटकू, बिहार, में 169 फुट ऊंचे बांध का निर्माण तथा मुहम्मद गंज में एक पिक-अप वीयर का निर्माण परिकल्पित है जिस के साथ मुहम्मद गंज बराज से एक उच्चस्तरीय नहर निकाली जाएगी जो अपने कुल 4.4 लाख एकड़ कमान क्षेत्र में से 2.61 लाख एकड़ भूमि हर साल सींचेगी । सोन बराज की पूर्वी तथा पश्चिमी उच्चस्तरीय नहरों में इस परियोजना द्वारा पानी की मात्रा भी पूरी की जायेगी । बांध, पिक-अप वीयर और कोयल नहर पर 13.16 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान था ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

नर्मदा के पानी से कच्छ का विकास

5096. **श्री हुकम चन्द कछवाय**
श्री गं० चं० दीक्षित :

क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री से एक तार मिला है जिसमें उन्होंने प्रधान मंत्री के हाल के इस कथन का उल्लेख किया है कि नर्मदा के पानी की सहायता से कच्छ का विकास किया जायेगा और स्पष्टीकरण मांगा है कि क्या गुजरात अथवा मध्य प्रदेश के हिस्से का पानी इस के लिए लिया जायेगा; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उप-मंत्री (**श्री सिद्धेश्वर प्रसाद**) : (क) और